Regarding need to construct Railway bridge (ROB), Cattle Underpass (CUP) and Vehicular Underpass (VUP) on National Highway in Churu Parliamentary Constituency-laid

श्री राहुल कस्वां (**चुरू**)**:** मेरे लोकसभा क्षेत्र चुरू में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 52 को 2 लेन से 4 लेन का किये जाने हेतु कार्य प्रारंभ हो चूका हैं। सड़क निर्माण से पूर्व सड़क की सुरक्षा की दृष्टि से विभिन्न विभाग के अधिकारीयों के द्वारा सड़क का निरिक्षण किया था। इस निरिक्षण के दौरान पाया गया की अनेक स्थानों पर दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने हेतु VUP व CUP बनाये जाने की आवश्यकता हैं। गाँव भांगीवाद, बाघसरा आथुना, खोटिया, ढाणी डीसपुरा, रामसरा, ढाढर, लाखाऊ, लादडीया, दुधवा खारा, खेमाणा, ढढाल व गुलपुरा के रास्ते पर, श्योपुरा व इन्दासर वे गाँव हैं जहाँ इनकी मांग थी। काफी स्थानों पर ग्रामीणजन के द्वारा ROB बनाये जाने हेतु भभी मांग की थी। इनका एक मुख्य कारण यह भी हैं की इन गाँबों में रिहापशी ईताका एक तरफ व सभी सरकारी संस्थाएं व रेलवे स्टेशन दूसरी तरफ पड़ता हैं और आमजन को सड़क को पार करना पड़ता है, जिससे लगातार दुर्घटना होने की आशंका रहती हैं । और काफी स्थानों पर दुर्घटनाये होती भी हैं।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध हैं की इन सभी स्थानों पर ROB, VUP व CUP बनवाए जावे ताकि दुर्घटनाओं को होने से बचाया जा सकें।